CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 230 ▫ रायपुर, शनिवार 13 सितम्बर 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## गाजा में बमों की बारिश, 65 की मौत एक ही परिवार के 14 सदस्य मारे गए




**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (न्यूज चैनल)। शुक्रवार गाज़ा की नींद तब टूट गई जब आसमान से बमों की बारिश होने लगी। इज़राइल की ओर से किए गए भीषण हवाई और तोपखाने हमलों ने शहर को दहला दिया। इस हमले में अब तक 65 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें एक ही परिवार के 14 सदस्य भी शामिल हैं। नजारा इतना भयावह था कि मलबे में दबे शवों को पहचानना तक मुश्किल हो गया। अल जज़ीरा की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

गाज़ा सिटी और इसके उत्तरी इलाकों पर किए गए इन हमलों ने कई आवासीय इलाकों को खंडहर में तब्दील कर दिया है। सबसे ज्यादा नुकसान अत्त-तवाम और दराज इलाकों में देखा गया, जहां इज़राइली हमलों ने घरों को मलबे में बदल दिया। गाज़ा के स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, इज़राइल ने केवल हवाई हमले ही नहीं किए, बल्कि तोपों से भी गोलाबारी की गई। इससे गाज़ा के उत्तरी हिस्से और सिटी एरिया में व्यापक विनाश हुआ है। हमले इतने तीव्र थे कि दर्जनों इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं। गाज़ा सिटी के दराज इलाके में एक ड्रोन हमले में एक बच्चे की मौत की भी पुष्टि हुई है। इस हमले में कई अन्य नागरिक घायल हुए हैं, जिनका इलाज फिलहाल सीमित संसाधनों वाले स्थानीय अस्पतालों में किया जा रहा है।

फिलिस्तीनी संगठन हमास ने इज़राइली कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक समुदाय की चुप्पी और निष्क्रियता ने इज़राइल को इस तरह के हमले करने के लिए बढ़ावा दिया है। हमास के प्रवक्ताओं ने कहा कि, यह केवल एक हमला नहीं, बल्कि नरसंहार और जबरन विस्थापन की रणनीति है, जिसे अंतरराष्ट्रीय समर्थन की चुप्पी से ताकत मिल रही है। इज़राइली डिफेंस फोर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि बीते एक सप्ताह में गाज़ा में 500 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए गए हैं इज़राइल का कहना है कि उनका उद्देश्य गाज़ा के आतंकवादी नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करना है और लगभग 10 लाख लोगों को क्षेत्र से बाहर निकालना है ताकि क्षेत्र पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। गाज़ा के सरकारी मीडिया ऑफिस ने बताया कि लगातार हमलों और पलायन के दबाव के बावजूद, उत्तरी गाज़ा और गाज़ा सिटी में करीब 13 लाख नागरिक अभी भी मौजूद हैं, जो अपना घर छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

## गणेश विसर्जन के जुलूस में भीषण हादसा 9 श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत, कई घायल



**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (न्यूज चैनल)। कर्नाटक के हासन जिले से एक दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जहां गणेश विसर्जन के उत्सवी माहौल में एक बड़ा हादसा हो गया। होलेनरसीपुरा तालुक के मोसले होसहल्ली गांव के पास, जब श्रद्धालुओं का जुलूस धार्मिक उल्लास के साथ आगे बढ़ रहा था, तभी अचानक एक तेज रफ्तार भारी ट्रक ने भीड़ को रौंद डाला। इस भीषण हादसे में अब तक 9 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

घटना शनिवार देर शाम नेशनल हाइवे 373 (ह॥-373) पर हुई, जब विसर्जन के लिए गणपति प्रतिमा ले जा रहे सैकड़ों श्रद्धालु सड़क पर मौजूद थे। उसी दौरान एक भारी मालवाहक ट्रक नियंत्रण खो बैठा और सीधे जुलूस में घुस गया। 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल अवस्था में अस्पताल ले जाए गए 4 अन्य लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में कम से कम 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। प्राथमिक जांच में ट्रक की तेज रफ्तार और लापरवाही से ड्राइविंग को मुख्य वजह माना जा रहा है। ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### साइंस कॉलेज मैदान में मिली युवक की लाश, इलाके में मचा हड़कंप



**रायपुर,** 13 सितंबर (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में शनिवार सुबह युवक की लाश मिली है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है. मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं. घटना सरस्वती थाना क्षेत्र की है. जानकारी के मुताबिक, शनिवार सुबह साइंस कॉलेज मैदान में अज्ञात युवक की लाश मिली है. आशंका जताई जा रही है कि मृतक की उम्र 30 से 35 साल होगी. स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस और फोरेंसिक एक्पर्ट्स की टीम मौके पर पहुंची. मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं. फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है. मामले की जांच जारी है.

### नेशनल हाईवे 30 पर स्कॉर्पियो में आग, जलकर खाक हुई गाड़ी



**कोण्डागांव /मसोरा,** 13 सितंबर (हाईवे चैनल)। नेशनल हाईवे 30 पर मसोरा टोल प्लाज़ा के पास शुक्रवार देर रात एक स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई। जानकारी के मुताबिक, यह गाड़ी कुछ घंटे पहले ही खड़े ट्रक से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई थी।

हादसे के लगभग दो घंटे बाद गाड़ी में भीषण आग भड़क उठी, जिससे पूरी स्कॉर्पियो कुछ ही मिनटों में जलकर खाक हो गई। हादसे में घायल लोगों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के जरिए जांच में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आग कैसे भड़क गई।




**चूहा-** सुनती हो, राहुल गांधी कह रहे हैं कि पीएम मोदी का मणिपुर दौरा कोई बड़ी बात नहीं..!

**चुहिया-** हां जी, लेकिन अभी तक यही बड़ी बात थी कि पीएम आखिर क्यों मणिपुर नहीं जा रहे हैं ...!

## छात्राओं ने मुख्य मार्ग पर किया चक्काजाम, बॉयज और गर्ल्स स्कूल के मर्जर को निरस्त करने की मांग



गरियाबंद, 13 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के फिंगेश्वर-महासमुंद मुख्य मार्ग पर शनिवार को स्कूल मर्जर के विरोध में छात्राओं ने चक्काजाम कर दिया. फिंगेश्वर कन्या शाला की छात्राओं का कहना है कि गलर्स और बॉयज स्कूल को आसपास में मर्ज कर दिया है. जिसकी वजह से वे अब स्कूल नहीं जाना चाहतीं. इस फैसले को निरस्त करने की मांग को लेकर छात्राएं गरियाबंद कलेक्टोरेट भी पहुंची थी, लेकिन यहां भी उनकी बार नहीं सुनी गई. मजबूर होकर आज छात्राएं मुख्य मार्ग पर बैठ गईं हैं। बता दें कि गुरुवार को बड़ी संख्या में छात्राएं गरियाबंद कलेक्ट्रेट पहुंची थीं और कलेक्टर से मुलाकात करने की कोशिश की थी. लेकिन कलेक्टर ने उनसे बिना मिले ही वहां से निकल गए, जिससे छात्राओं में और नाराजगी बढ़ गई। दरअसल, युक्तियुक्तकरण के तहत फिंगेश्वर मुख्यालय में स्थित 425 संख्या वाले कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को 225 संख्या वाले बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के साथ मर्ज कर दिया गया है. इस फैसले के खिलाफ छात्राओं के साथ-साथ पालक और विद्यालय प्रबंधन समिति भी विरोध कर रहे हैं. छात्राओं का कहना है कि वे छात्रों के साथ एक ही स्कूल में पढ़ना नहीं चाहतीं, क्योंकि लड़के अक्सर उपद्रव करते हैं।

## युवा व्यापारी ने ब्लेड से गला काटकर की आत्महत्या



**दुर्ग,** 13 सितंबर (हाईवे चैनल)। नंदिनी थाना क्षेत्र के अहिवारा में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां ३० वर्षीय युवक भूपेंद्र कुमार सेन ने 4लेड से गला काटकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले उसकी सगाई टूटी थी और इसके बाद से वह तनाव में रहने लगा था। मिली जानकारी के अनुसार भूपेंद्र वार्ड क्रमांक २ अहिवारा का निवासी था और घर में ही किराना दुकान चलाता था। शुक्रवार सुबह करीब ८ बजे वह घर के बाथरूम में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर न निकलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर का नजारा देखकर सब सन्न रह गए। पुलिस के मुताबिक, युवक ने 4लेड से अपना गला काटकर जान दे दी थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पारस ठाकुर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पंचनामा कार्रवाई की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों का कहना है कि सगाई टूटने के बाद भूपेंद्र काफी डिप्रेशन में था और इसी तनाव में उसने यह कदम उठाया।

## भारतमाला घोटाले की जांच रिपोर्ट सौंपने में कोताही, नोटिस बेअसर

**रायपुर,** 13 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्नम इकॉनामिक कॉरिडोर में मुआवजा घोटाला मामले में शिकायतों व दावा-आपत्तियों की जांच बार-बार चेतावनी के बाद भी पूरी नहीं हो पाई है. इसकी वजह से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय को विस्तृत जांच रिपोर्ट भेजने में भी देरी हो रही है. बताया गया है कि जांच टीम गठित होने के बाद कुछ और शिकायतें व आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका परीक्षण करने में समय लग रहा है. शिकायतों की जांच जल्द पूरी करने के लिए संबंधितों को नोटिस भी जारी किया गया है.

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक भारतमाला परियोजना के अंतर्गत अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्नम इकॉनामिक कॉरिडोर में मुआवजा घोटाला सामने आने के बाद राज्य शासन के निर्देश पर भूअर्जन मुआवजा प्रकरणों की जांच का जिम्मा रायपुर संभाग के आयुक्त महादेव कावरे को सौंपा गया है. संभागायुक्त ने भारतमाला परियोजना के तहत भू-अर्जन मुआवजा प्रकरणों के संबंध में नए सिरे से दावा आपत्तियां मंगाई थीं. इनमें डेढ़ सौ से अधिक दावा-आपत्तियां व शिकायतें मिली थीं. इनकी जांच के लिए अपर कलेक्टरों की अध्यक्षता में चार अलग-अलग टीमें बनाई थीं. उन्हें हफ्तेभर के भीतर रिपोर्ट देने कहा गया था. संभागायुक्त के सख्त निर्देशों के बाद भी सभी टीमें निर्धारित समयावधि में जांच रिपोर्ट नहीं सौंप पाईं. सिर्फ 2 टीमों ने अपनी रिपोर्ट सौंपी है और बाकी 2 टीमों की रिपोर्ट अप्राप्त है. संभागायुक्त महादेव कावरे जांच रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत किए जाने को लेकर संबंधित अधिकारियों की लगातार बैठक भी ले रहे हैं.

## रायपुर के करोड़पति से श्रेया अग्रवाल ने की दोस्ती फिर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर हुई 19.50 लाख की ठगी

**रायपुर,** 13 सितंबर (हाईवे चैनल)। शेयर मार्केट में निवेश पर चार गुना मुनाफा देने का झांसा देकर राजधानी के ट्रांसपोर्टर डाकेश्वर सिंह से 71.50 लाख की ऑनलाइन ठगी हो गई. ट्रांसपोर्टर की सोशल मीडिया में श्रेया नाम की युवती से दोस्ती हुई. उसने शेयर मार्केट की बातें शुरू की और झांसा दिया कि वह ऐसे प्लेटफॉर्म से जुड़ी है जिसमें निवेश करने पर मोटा मुनाफा होता है. उसने कुछ स्क्रीनशॉट भी भेजे और ट्रांसपोर्टर को एक ग्रुप से जोड़ दिया. ट्रांसपोर्टर युवती के झांसे में आ गया. उन्होंने अलग-अलग किश्तों में 19.50 लाख जमा कर दिए. कुछ दिन बाद जब उसने पैसा निकालने की कोशिश की तो श्रेया ने टैक्स जमा करने की बात कही. तब ट्रांसपोर्टर को अहसास हुआ कि वे ठगी के शिकार हो गए हैं.

**फिर आई आराध्या कहा किसी पर भरोसा मत करना, ठगे 52 लाख**

इसी दौरान सोशल मीडिया पर जुड़ी एक अन्य युवती आराध्या से बातचीत हुई. उसने ट्रांसपोर्टर से कहा कि देश में अभी शेयर मार्केट के नाम पर बहुत ठगी हो रही है. इसलिए किसी पर भरोसा न करें. आराध्या ने दावा किया कि वह अधिकृत कंपनी से जुड़ी हुई है. ट्रांसपोर्टर इस बार भी उसके झांसे में आ गया और 52 लाख से ज्यादा का निवेश कर दिया. अब पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. इस मामले में में सरस्वती नगर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. कोटा निवासी डाकेश्वर सिंह (47) का ट्रांसपोर्ट का कारोबार है. जून में उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर श्रेया अग्रवाल की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई.

दोनों में वाट्सएप पर बात होने लगी. श्रेया के कहने पर 2 से 15 जुलाई के बीच डाकेश्वर ने 19.50 लाख जमा कर दिए. एप में 78 लाख का मुनाफा दिखने लगा. इसके बाद आराध्या के कहने पर 2 से 15 अगस्त के बीच 52 लाख और जमा कर दिए. दोनों युवतियां बार-बार टैक्स जमा करने का दबाव बनाने लगीं. इसके बाद ही उन्हें ठगी का एहसास हुआ.

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि पहली ठगी के कुछ दिन बाद एक अन्य महिला आराध्या अग्रवाल फेसबुक से जुड़ी. कारोबारी ने उसे पहले वाली ठगी की बात बताई. उसने भरोसा दिलाया कि उसका ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म असली है. उसने कारोबारी को भरोसा दिलाया कि उसके ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निवेश कर फायदा मिल सकता है. कारोबारी ने पांच लाख रुपए लगाए और तुरंत छह लाख रुपए वापस भी मिले. यही भरोसा ठगों की चाल थी. फिर फर्जी ऑनलाइन कॉन्ट्रैक्ट साइन करवाकर कारोबारी से दो अगस्त से 31 अगस्त के बीच अलग-अलग खातों में 52 लाख रुपए और जमा करा लिए. रकम वापसी मांगी तो पेनाल्टी की बात कहकर टालते रहे. आखिरकार कारोबारी को दूसरी बार ठगी का अहसास हुआ और इस बार एफआईआर दर्ज कराई. ट्रांसपोर्ट कारोबारी की कहानी उन तमाम लोगों के लिए चेतावनी है जो सोशल मीडिया पर आए निवेश के ऑफर को सच मान लेते हैं. ठग पहले भरोसा जीतते हैं, फिर धीरे-धीरे रकम बढ़वाकर पूरा बैंक बैलेंस साफ कर देते हैं. सिर्फ एक गलत क्लिक, एक झूठी दोस्ती या एक नकली ऐप किसी की जिंदगीभर की मेहनत को पल भर में लूट सकता है.

## रिंग रोड में 30 फिट खाई में गिरी कार



**कोरबा।** बालको मुख्य मार्ग रिंग रोड पर आज शनिवार को ही सुबह करीब 6 बजे एक बड़ा और गंभीर हादसा हो गया है। जिसमें बलौदा जिले की एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे करीब 30 फीट गहरी खाई में जा गिरी। कार में चार लोग सवार थे। गनीमत रही कि सभी चारों यात्री सुरक्षित हैं और किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। हालांकि वाहन को भारी नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे और पुलिस प्रशासन को घटना की जानकारी खबर दी गई है।

## नग्न पार्टी की अनुमति पर कांग्रेस का भाजपा सरकार के खिलाफ पोस्ट, मंत्री जायसवाल ने किया पलटवार, कहा- कांग्रेस हर चीज में करती है राजनीति

**रायपुर,** 13 सितम्बर (हाईवे चैनल) सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर राजधानी में न्यूड पार्टी इवेंट को लेकर पोस्ट वारयल हो रहा है, जिसे लेकर अब सियासत भी शुरू हो चुकी है. मंत्री श्याम बिहार जायसवाल ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी इस बात को समझ नहीं पा रही है कि यह ऋषि, मुनियों और संतों का देश रहा है. इस बात की मुझे बहुत चिंता है, दुख है. इस प्रकार का आयोजन नहीं होना चाहिए. यहां तक कि किसी को भी इस विषय में सोचना भी नहीं चाहिए. कांग्रेस के आरोपों पर कहा कि कांग्रेस हर चीज में राजनीति करती है. दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उन्हें ऐसे आयोजनों को रोकने का प्रयास करना चाहिए. बता दें कि न्यूड पार्टी इवेंट के पोस्टर इंस्टाग्राम पर वायरल होने के बाद कांग्रेस हमलावर हो गई. कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट किया. रायपुर के न्यूड इवेंट के आयोजन को कांग्रेस ने दुर्भाग्यजनक बताया. कांग्रेस का कहना है कि शहर में नग्न पार्टी की अनुमति भाजपा सरकार की नग्नता को प्रदर्शित कर रही है.

## जिले में वन्य प्राणियों की चहल कदमी : तेन्दुआ, हाथी और लकड़बग्घे की आमद से दहशत





■ सिहावा बोराई मार्ग में तेन्दुआ, गंगरेल में हाथी और दुगली में दिखा लकड़बग्घा

**धमतरी,** 13 सितम्बर (हाईवे चैनल)। जिले में इन दिनों वन्य प्राणियों की चहल कदमी अब वनो से बाहर रिहायशी इलाको व मार्गो में हो रही है। जिससे लोगो में घातक वन्य प्राणियों से दहशत का माहौल है। जिले में तेन्दुआ, हाथी के बाद अब लकड़बग्घा भी नजर आया है।

बुधवार की देर रात्रि एक ऐसा ही मामला सिहावा बोरई मार्ग से सामने आया था। जहां सड़क में अचानक तेंदुआ नजर आ गया था। जिसका कुछ राहगीरो ने वीडियो भी बनाया है, और सोशल मीडिया में शेयर भी किया है, विदित हो कि जिले के जंगलों में तेंदुये की आबादी बढ़ गई है, जो कि सड़क के साथ गांव और बस्तियों में भी शिकार के लिये घुस जाते है। हालांकि उनकी खुराक के लिये हाल ही में करीब 35 हिरणो को जंगल में छोड़ा गया है फिर भी तेंदुएं सड़को में नजर आ ही रहे है, जिससे लोगो में दहशत भी है।

वहीं शहर के करीबी गांव में हाथी की हलचल दिखाई दे रही है बल्कि हाथी भी दिखाई दे रहा है। बताया गया कि यह हाथी महाराष्ट्र प्रांत से लौटा है जो कि दल्ली राजहरा बालोद होते हुए धमतरी रेंज में दाखिल हुआ है। हालांकि इसके आने के दो दिन पहले से ही इसकी दहशत धमतरी में थी, जिसकी वजह से और इसके आने की खबर के चलते वनविभाग इसे लेकर सुरक्षा की तैयारियों में जुटा हुआ था। अब भी वन अमला उसकी निगरानी में लगा हुआ है। बीती रात्रि हाथी गंगरेल बरदिहा रिसार्ट के पास विचरण करते नजर आया। जिस पर वन विभाग द्वारा नजर रखा गया था। फिर हाथी विचरण कर आगे बढ़ गया। किसी प्रकार के जान माल का नुकसान नहीं हुआ। ऐतिहातन वन विभाग द्वारा आसपास के कई गांवो व गंगरेल क्षेत्र में सुरक्षा हेतु मुनादी कराई गई है।

इसी प्रकार दुगली के रिहायशी इलाके मे विचरण कर रहा वन्य प्राणी लकड़बग्घा, ग्रामीणों मे दहशत दुगली के रिहायशी इलाके मे वन्य प्राणी लकड़बग्घा विचरण कर रहा है जिससे पशुओ और इंसानों के लिए खतरा बना हुआ है. मिली जानकारी के अनुसार दुगली के माँ अंगारमोती प्रांगण में विचरण करते लकड़बग्घा कैमरे में कैद हो गया है.ग्रामीणों ने बताया कि लकड़बग्घा महीनों से गांव की आबादी में घुम रहा है।कभी-कभी दिन में भी गांव में नजर आने लगा है। जिससे ग्रामीणो मे दहशत का माहौल है।

CMYK